पंजाब केसरी 04-03-2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्रेरणादायक संगोष्ठी आयोजित

अम्बाला, 3 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के वाणिज्य विभाग एवं प्रबंधन विभाग द्वारा एक्सप्लॉरिंग ग्लोबल अपॉर्चनिटीज: बिल्डिंग ए करियर इन इंटरनैशनल अकाऊंटिंग विषय पर प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन के क्षेत्र में करियर के अवसरों के प्रति जा गरूक करना रहा।

कार्यक्रम में ग्लोबल अकाऊंटिं ग करियर एवं अकादमिक सलाहकार के रूप में विशेषज्ञ वक्ता कोमल अ ग्रवाल एवं साहिल वर्मा ने अपने विचार सांझा किए। सं गोष्ठी का आयोजन कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. रोहित दत्त के मा र्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में डा. भारती विज ने मुख्य वक्ताओं का स्वा गत किया। सं गोष्ठी में कुल 65 विद्यार्थियों ने भा ग लिया। सत्र के उपरांत डा. भारती सुजान एवं कमलप्रीत कौर के मा र्गदर्शन में एक साक्षात्कार सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया। डा. अमिता ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।